भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा ग्वालियर के किले पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 मनाया गया

श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने ऐतिहासिक स्थल पर समारोह का नेतृत्व किया

नई दिल्ली, 21 जून 2022: नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा 21 जून 2022 को 2,000 से अधिक लोगों के विशाल योग प्रदर्शन का आयोजन करके ग्वालियर किले पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया |इस कार्यक्रम का उद्घाटन और नेतृत्व श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया |

योग कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इसके बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का कार्यक्रम स्थल पर वर्चुअल संबोधन का प्रसारण किया गया।

योग के महत्व पर बल देते हुए श्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहा,

"21 जून भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि इस वर्ष देश भर में 75 ऐतिहासिक स्थानों पर योग का त्योहार मनाया जाएगा। यह भारत में या विदेश में रहने वाले प्रत्येक भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है । योग शरीर और आत्मा दोनों के लिए ईश्वर और मानव के बीच एक इंटरलिंक के रूप में कार्य करता है। योग मानव शरीर से पूरी तरह से तनाव और बीमारियों से छुटकारा पाने में मदद करता और समाज के अंदर शांति प्राप्त करने में मदद करता है | आज पूरी दुनिया योग करेगी जिससे भारत की आध्यात्मिक शक्ति के तौर पर प्रमुख उदाहरण की रूपरेखा बनेगी |"

प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रगान गाकर बृहद योग कार्यक्रम का समापन किया गया। माननीय मंत्री के अलावा, इस कार्यक्रम में राज्य के गणमान्य व्यक्तियों और नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों, राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी ने भाग लिया | योग पर योग विशेषज्ञों द्वारा सामान्य योग प्रोटोकॉल, व्याख्यान, रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान के योग विशेषज्ञों का योग पर प्रदर्शन इस आयोजन में की गई कुछ गतिविधियाँ थीं |

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के दौरान पड़ा जिसे आयुष मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में भारत के 75 प्रतिष्ठित स्थानों पर मनाने की योजना बनाई जिससे वैश्विक स्तर पर भारत को ब्रांडिंग करने मे भी सहायता मिलेगी | इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 का थीम "मानवता के लिए योग" थी | जिसमें यह दर्शाया गया है कि कैसे कोविड-19 महामारी, के चरम के दौरान योग ने पीड़ा को कम करने में मानवता की सेवा की और कोविड के बाद के उभरते हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य मे भी करुणा, दयालुता के साथ लोगों को एक साथ लाया गया और दुनिया भर के लोगों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देते हुए पूर्व की स्थिति मे वापस लाया गया |

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) के रूप में घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया । योग की यह विश्वव्यापी स्वीकृति हमारे देश के लिए गर्व की बात है, क्योंकि योग हमारे देश की एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का अभिन्न अंग हैं ।

निगमित संचार निदेशालय, एएआई द्वारा जारी किया गया
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (नि.सं.) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 13/2022-23